<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

एमएनआरई सचिव ने इरेडा के प्रदर्शन और रणनीतिक पहल की समीक्षा की

नई दिल्ली, 17 अप्रैल 2025

आज नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की सचिव श्रीमती निधि खरे ने नई दिल्ली में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा किया। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास और डॉ. बिजय कुमार मोहंती, निदेशक (वित्त) ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक और बातचीत सत्र का आयोजन किया गया।

सीएमडी ने इरेडा की प्रगति का एक प्रभावशाली अवलोकन प्रस्तुत किया- जिसमें ऋण पुस्तिका में 27% सीएजीआर वृद्धि, कर पश्चात लाभ में 51% सीएजीआर वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में ऋण स्वीकृति और संवितरण में उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डाला गया। चर्चा में 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने और 'विकसित भारत' के व्यापक दृष्टिकोण में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। एमएनआरई के संयुक्त सचिव श्री जे.वी.एन. सुब्रमण्यम ने भी मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा में भाग लिया।

अक्षय ऊर्जा डेवलपर्स पर दबाव डाले बिना, शुद्ध ब्याज मार्जिन में सुधार करते हुए उधार लेने की लागत को कम करने के लिए इरेडा के प्रयासों को भी रेखांकित किया गया। उल्लेखनीय रूप से, इरेडा हाल ही में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के केवल 15 दिनों के भीतर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम प्रकाशित करने वाली पहला एनबीएफसी और पीएसयू बन गई है। एमएनआरई सचिव ने इरेडा के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की और भारत के अक्षय ऊर्जा विकास और डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को गति देने में एमएनआरई के निरंतर समर्थन की पुष्टि की।